-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम/भटकी हुई 04 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 16.02.2026 को थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति द्वारा गुम/भटकी हुई 04 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 27.03.2026 को थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति टीम पीली कोठी के पास एक 04 वर्षीय बच्ची मिली जो अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आस-पास के लोगों से पूछताछ कर परिजनों का पता लगाया गया तो पाया गया कि बच्ची रेलवे कालोनी माल गोदाम के पास रहती है और खेलते हुए पीली कोठी के पास आ गई थी। परिजनों को कोतवाली नगर बुलाकर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. म0उ0नि0 सुश्री रेनू शर्मा
2. म0कां0 सरोज साहू